संकलित परीक्षा - II (2013-2014)

हिन्दी 'अ'

कक्षा - IX

**निर्धारित समय : 3-3 ½ घण्टे** | **अधिकतम अंक :100**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के पांच खंड हैं - क, ख, ग, घ और ङ ।

(2) खंड -ङ मुक्त पाठ पर आधारित है।

(3) पांचों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड-क

### ( अपठित बोध )

JSUNIL TUTORIAL

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए -** 5

होली को फसल का त्योहार भी स्वीकारा जाता है। इस मौसम के आते-आते खेतों में एक ओर जहाँ सरसों पीली पड़कर फूल महक उठते हैं, वहाँ चने की फसल भी प्रायः पककर तैयार हो जाती है। लोग पके हुए चने की बालियाँ सहित पौधे उखाड़कर उन्हें आग में भूनते हैं। इस प्रकार भुने हुए चने की बालियाँ होलां या होरां कही जाती हैं। लोग बड़े चाव से देहात में उन्हें आपस में बाँट कर खाते हैं। चने की फसल पक कर तैयार हो जाने, उस पर रंग बिरंगा बसंती मौसम होने पर झूमते गाते लोग रंग-गुलाल लुटाकर होली का त्योहार मनाते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि होली वास्तव में ऋतु और फसल का त्योहार ही है। होली वास्तव में मानव मन की विविध और पवित्र, रंग-बिरंगी उमंगों का परिचय देने वाला त्योहार है। यह दिन सभी बैर-विरोध भुलाकर एक ही रंग में रंग जाने का संदेश देता है।

1. होली कैसा पर्व है ?

   (क) राष्ट्रीय (ख) धार्मिक

   (ग) फसलीय (घ) अंतर्राष्ट्रीय

2. होरां का अर्थ है -

   (क) भुने गेहूँ की बालियाँ



Generated by CamScanner from intsig.com

(ख) भुने चने की बालियाँ

(ग) भुनी मक्का की बालियाँ

(घ) भुने मटर की बालियाँ

3. चने बाँटकर खाना किसका प्रतीक है ?

(क) साझा संस्कृति का

(ख) भेद - भाव मिटाने का

(ग) भूख मिटाने का

(घ) जाति भेद मिटाने का

4. बैर भाव शब्द में विग्रह और समास भेद है -

(क) बैर और भाव (द्वन्द्व)

(ख) बैर के लिए भाव (संप्रदान तत्पुरुष)

(ग) बैर में बसा भाव (अधिकरण तत्पुरुष)

(घ) बैर के द्वारा उत्पन्न भाव (करण तत्पुरुष)

5. 'विविध' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय होगा -

(क) ता (ख) इ

(ग) इक (घ) अक

JSUNIL TUTORIAL

2 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए -** 5

मानव स्वभाव ही आनंद - मनोरंजन प्रिय है। यों भी सुखद और स्वस्थ जीवन जीने के लिए जिस प्रकार अन्न, पानी और हवा आवश्यक है, उसी प्रकार स्वस्थ मनोरंजन के लिए सुलभ क्षण भी परम आवश्यक हैं। मनुष्य कोल्हू का बैल बना रहकर स्वस्थ सुखी जीवन नहीं जी सकता। तन की थकान मिटाने के लिए जिस प्रकार आराम और नींद आवश्यक है, उसी प्रकार मन मस्तिष्क की थकान और ऊब मिटाने के लिए किसी न किसी प्रकार का मनोरंजन भी आवश्यक है। सृष्टि के आरंभ में ही मनुष्य ने इस व्यावहारिक सत्य को पहचान लिया था और मनोरंजन के नित नए साधनों की खोज एवं आविष्कार भी करना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप आज के इस वैज्ञानिक युग तक पहुँचते-पहुँचते मानव समाज के पास स्वस्थ, आनंद और मनोरंजन के घरेलू एवं बाहरी स्थूल सूक्ष्म कई प्रकार के साधन और उपकरण हो गए हैं।

1. मनुष्य जीवन के लिए अनिवार्य तत्वों में सम्मिलित नहीं है -

(क) अन्न (ख) हवा

(ग) पानी (घ) धन

2. मनोरंजन का मुख्य उद्देश्य है -

(क) मन की थकान दूर करना

(ख) तन की थकान दूर करना



Generated by CamScanner from intsig.com

(ग) जीवन की अनिवार्यताओं को पाना

(घ) जीवन को सजाना - सँवारना

3. जीवन का व्यावहारिक सत्य है -

(क) आविष्कारों की महत्ता

(ख) विज्ञान की महत्ता

(ग) मनोरंजन की महत्ता

(घ) प्रकृति की महत्ता

4. 'सत्य' शब्द में प्रत्यय प्रयोग अशुद्ध होगा -

(क) वान (ख) निष्ठ

(ग) इक (घ) आ

5. 'मन-मस्तिष्क' शब्द में विग्रह और समास भेद हैं -

(क) मन के लिए मस्तिष्क (संप्रदान तत्पुरुष)

(ख) मन का मस्तिष्क (संबंध-तत्पुरुष)

(ग) मन के साथ रहता है जो मस्तिष्क (कर्मधारय)

(घ) मन और मस्तिष्क (द्वन्द्व)

3 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर दीजिए।** 5

JSUNIL TUTORIAL

**ढलकते गीत में मोती,**

**चमकती आँख में शबनम।**

**तुम्हारी बाँसुरी की तान में**

**छिप रो रहा कोई।**

**गुलाबी आँख अपनी**

**आँसुओं से धो रहा कोई।**

**तुम्हारे गीत में तारे**

**झपकते-झिलमिलाते हैं,**

**कमल मानो सरोवर में**

**निकलते, डूब जाते हैं।**



Generated by CamScanner from intsig.com

मनाती हो चिता के पास
जैसे चाँदनी मातम।
ढलकते गीत में मोती,
चमकती आँख में शबनम
नहा कर सात रंगों में
कहीं से वेदना आई,
उदासी या कहीं गम की
उषा के लोक में छाई
कसकती वेदना ऐसे कि
जैसे प्राण हिलते हों,
किरण-सी फूटती, मानो,
तिमिर में फूल खिलते हों।

अँधेरी रात में ज्यों बज
रही हो ज्योति की सरगम।
ढलकते गीत में मोती,
चमकती आँख में शबनम।

1. चमकती आँख का शबनम क्या है?

(क) चमकीले मोती। (ख) चमकती ओस

(ग) ढुलकते आँसू (घ) झपकती आँख



JSUNIL TUTORIAL

Generated by CamScanner from intsig.com

2. किसी की बाँसुरी की तान में छिपकर रोनेवाला कौन हो सकता है?

(क) उदास भक्त (ख) निराश प्रेमी

(ग) पीड़ित व्यक्ति (घ) व्यथित नारी

3. वेदना की तुलना किस से नहीं की गई है?

(क) फूटती किरण से। (ख) अँधेरे में खिले फूल से।

(ग) हिलते प्राणों से। (घ) चमकती आँख से।

4. कविता में कवि क्या समझाना चाहते हैं?

(क) वेदना की व्यापकता। (ख) प्रकृति का सौंदर्य।

(ग) मानव स्वभाव। (घ) बाँसुरी का प्रभाव।

5. 'कमल, मानो, सरोवर में निकलते, डूब जाते हैं' इस पंक्ति में अलंकार है -

(क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) रूपक (घ) श्लेष

JSUNIL TUTORIAL

4 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर दीजिए।** 5

सुरभित, सुन्दर सुखद सुमन तुझ पर खिलते हैं,
भाँति-भाँति के सरस, सुधोपम फल मिलते हैं,
औषधियाँ हैं प्राप्त एक से एक निराली,
खानें शोभित कहीं धातु-वर रत्नों वाली,
जो आवश्यक होते हमें, मिलते सभी पदार्थ हैं।
हे मातृभूमि वसुधा, धरा तेरे नाम यथार्थ हैं।।
दीख रही हैं कहीं दूर पर शैलश्रेणी,
कहीं धनावलि बनी हुई है तेरी वेणी,



Generated by CamScanner from intsig.com

नदियाँ पैर पखार रही हैं बन कर चेरी,
पुष्पों से तरु राशि कर रही पूजा तेरी,
मृदु मलय वायु मानो तुझे चन्दन चारु चढ़ा रही।
हे मातृभूमि, किसका न तू सात्त्विक भाव बढ़ा रही?

क्षमामयी , तू दयामयी है, क्षेममयी है,
सुधामयी, वात्सल्यमयी तू प्रेममयी है,
विभवशालिनी, विश्वपालिनी, दु:खहर्त्री है,
भयनिवारिणी, शान्तिकारिणी, सुखकर्त्री है,
हे शरणदायिनी देवि, तू करती सब का त्राण है।
हे मातृभूमि, सन्तान हम तू जननी, तू प्राण है।।

1. धरती का नाम वसुधा यथार्थ है क्योंकि यह -
   (क) श्रेष्ठ पदार्थ व धातुएँ देती है।
   (ख) वसुओं को जन्म देती है।
   (ग) सबको धारण करती है।
   (घ) अमृत भी देती है।

2. भारत की धरती की विशेषताओं में सम्मिलित नहीं है -
   (क) सभी तरह के फल-फूल मिलते हैं।
   (ख) यहाँ ऊँचे पहाड़ हैं।
   (ग) दु:खकर्त्री एवं सुखहर्त्री है।
   (घ) जीवन मूल्यों से युक्त है।

3. मातृभूमि से हमारा संबंध है -
   (क) पिता-पुत्र का। (ख) माता-पुत्र का।

JSUNIL TUTORIAL



Generated by CamScanner from intsig.com

(ग) पति-पत्नी का। (घ) भाई-बहन का।

4. 'सुरभित, सुन्दर सुखद सुमन तुझ पर खिलते हैं'- पंक्ति में अलंकार है -

(क) उपमा (ख) रूपक

(ग) यमक (घ) अनुप्रास

5. 'वात्सल्य' संबंध होता है -

(क) माँ संतान के बीच। (ख) माता-पिता के बीच।

(ग) पति-पत्नी के बीच। (घ) भाई बहन के बीच।

## खण्ड-ख

### ( व्यावहारिक व्याकरण )

7

5 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(क) 'दुपहिया' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए।

(ख) 'परि' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।

(ग) 'व्यक्तित्व' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय एवं मूल शब्द लिखिए।

(घ) 'इका' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए।

निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए -

(i) राजदूत (ii) महावीर (iii) तिराहा

4

6 1. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए -

(क) आपसे प्रार्थना है कि आप उत्सव में जरूर आएँ।

(ख) अब वह यह कार्य करने से रहा।

2. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए -

(क) आज बहुत गरमी है। (विस्मयादिवाचक)

(ख) मोहित आज बनारस जाएगा। (प्रश्नवाचक)

4

7 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए -

(क) काली-काली कुहू-कुहू करती
जो है डाली-डाली फिरती।

(ख) मृदु मोम-सा घुल ले मृदु तन।



JSUNIL TUTORIAL

Generated by CamScanner from intsig.com

(ग) मैं परिवर्तन चिर नवीन।
समय के पंखों पर आसीन।

(घ) मनवा भव-सागर में गोते खाए।

## खण्ड-ग

### ( पाठ्य-पुस्तक )

8 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** 5

प्रतिदिन प्रात: काल यह भक्त कुत्ता स्तब्ध होकर आसन के पास तब तक बैठा रहता है, जब तक अपने हाथों के स्पर्श से मैं इसका संग नहीं स्वीकार करता। इतनी-सी स्वीकृति पाकर ही उसके अंग-अंग में आनंद का प्रवाह बह उठता है। इस वाक्यहीन प्राणिलोक में सिर्फ यही एक जीव अच्छा-बुरा सबको भेदकर संपूर्ण मनुष्य को देख सका है, उस आनंद को देख सका है, जिसे प्राण दिया जा सकता है, जिसमें अहैतुक प्रेम ढाल दिया जा सकता है, जिसकी चेतना असीम चैतन्य लोक में राह दिखा सकती है।

(1) कुत्ते की दिनचर्या के प्रमुख क्रियाकलाप का उल्लेख कीजिए।

(2) 'वाक्यहीन प्राणिलोक' में किस जीव को गुरुदेव ने सर्वोच्च बताया है एवं क्यों ?

(3) किस भाव से किसके अंग-अंग में आनंद का प्रवाह बह उठा करता था ?

JSUNIL TUTORIAL

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-**

9 (i) लेखिका के छात्रावास का वर्णन 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर कीजिए। 2

9 (ii) लेखक ने समाज के किस वर्ग पर व्यंग्य किया है तथा क्यों? 2

9 (iii) जनरल अउटरम ने देवी मैना को प्रासाद के पास देखकर क्या आदेश दिया? 2

9 (iv) लेखक का मैना पक्षी के साथ कैसा अनुभव रहा था और किस प्रसंग के अनुसार? पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

9 (v) लेखक की दृष्टि जूतों पर ही क्यों अटक गई थी? 2



Generated by CamScanner from intsig.com

10 निम्न पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5

कोहरे से ढकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह सुबह
बच्चे काम पर जा रहे है।
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ?

1. बच्चों के काम पर जाने की समस्या को कवि किस प्रकार उठाना चाहता है और क्यों ?
2. साधारण वाक्य का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
3. परिवर्तन किस प्रकार लाया जा सकता है ?

JSUNIL TUTORIAL

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-**

11 (i) कवि के अनुमान से दुख सहने के लिए माँ के द्वारा किसका सहारा लिया जाता था ? 'यमराज की दिशा' कविता के आधार पर लिखिए। 2

(ii) 'तालाब के किनारे पड़े पत्थरों' का वर्णन चंद्र गहना से लौटती बेर कविता के आधार पर कीजिए। 2

(iii) ''बाल-श्रम असफलता सरकार की या हमारी'' तर्क सहित विचार व्यक्त कीजिए। 2

(iv) 'मेघ आए' कविता में गाँव की स्त्रियों के कौन से रूप दिखाई देते हैं ? बताइए। 2

(v) कवि ने किस भूमि को बाँझ बताया है तथा वे कहाँ खड़े हैं ? 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर लिखिए। 2



Generated by CamScanner from intsig.com

12 माटी वाली पाठ में भारतीय संस्कृति के किन रूपों को उजागर किया गया है ? तथा हमारे लिए किस प्रकार प्रेरणा दायक है। स्पष्ट कीजिए। 5

## खण्ड-घ
## ( लेखन )

**दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए-**

**13 (i) विद्यार्थी एवं पाश्चात्य संस्कृति :** 10

- भूमिका
- पाश्चात्य परिधान पसंद किए जाते हैं
- वैलेन्टाइन डे आदि का मनाया जाना
- युवाओं के मन भौतिकवादी हो रहे हैं
- उपसंहार

JSUNIL TUTORIAL

**(ii) नैतिक शिक्षा की आवश्यकता :** 10

(1) भूमिका
(2) नैतिकता का अर्थ
(3) नैतिक शिक्षा से लाभ
(4) हमारा कर्तव्य
(5) उपसंहार

**(iii) पैट्रोल बचाओ : प्रकृति बचाओ :** 10

(1) भूमिका
(2) आधुनिक जीवन में पेट्रोल का प्रयोग
(3) ग्लोबल वार्मिंग में योगदान
(4) आर्थिक पहलू
(5) उपसंहार

14 आप कक्षा दसवीं के छात्र महेश हैं। आपके मित्र करन को क्रिकेट मैच खेलते समय बहुत चोट लग गई है। विद्यालय में प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था नहीं है। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखकर विद्यालय में चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने का अनुरोध कीजिए। 5



Generated by CamScanner from intsig.com

15 स्कूल में आयोजित तीज उत्सव पर अपनी स्कूल पत्रिका के लिए प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 5

### खंड -ड.

### ( मुक्त पाठ)

(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)

16 ***विषय : बाल-बालिकाओं का असमान लिंग अनुपात (5+5 )** 10

(a) भारत, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में 15 वर्ष, 18 वर्ष और 20 वर्ष तक विवाह संबंध में बंध जानेवाली स्त्रियों के प्रतिशत का ग्राफ देखकर आप किन निष्कर्षों पर पहुँचते हैं? यूनीसेफ के आँकड़ों के आधार पर तुलनात्मक टिप्पणी कीजिए।

(b) महिला-साक्षरता-दर में शेष राज्यों से पिछड़े हुए चार राज्यों की पहचान कीजिए। उनके आँकड़ों का विश्लेषण करते हुए लिखिए कि इसके क्या कारण हो सकते हैं?

JSUNIL TUTORIAL



Generated by CamScanner from intsig.com